कुलानुशासक कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय

दिनांक :26.11.2018

सूचना

वर्तमान समय में लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है :–

1. विश्वविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओं को उनके वाहन निर्धारित वाहन स्टैण्डों पर रखने के उपरान्त द्वार संख्या 1, 4 एवं 5 से पैदल अन्दर आने की व्यवस्था की जाती है ।
2. शिक्षकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी द्वार संख्या 04 एवं 05 पर निर्मित वाहन स्टैण्ड पर अपने वाहन रखने के उपरान्त शैक्षणिक परिसर में पैदल अन्दर आने का कष्ट करें ।
3. समस्त शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील है कि यदि उन्हें किसी बाहरी व्यक्ति को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में बुलाना आवश्यक है तो वे उन्हें अपरान्ह् 2.00 बजे के बाद बुलायें ताकि सुगमता बनी रहे ।
4. परिसर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वालों के विरूद्ध उचित दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी ।
5. कोई भी छात्र यदि विश्वविद्यालय व्यवस्थाओं के प्रतिकूल आचरण कर अपने साथ किसी बाहरी व्यक्ति के साथ घूमता हुआ पाया जायेगा तो उसके विरूद्व उचित कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी ।
6. परिसर में प्रवेश हेतु जिन शिक्षको, अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा दिव्यांग छात्र–छात्राओं को इस कार्यालय द्वारा वाहन पास निर्गत किये गये हैं, उन्हें द्वार संख्या 04 से होकर द्वार संख्या 02 से परिसर में प्रवेश करेंगे ।
7. केवल विशिष्ट अधिकारियों को परिसर स्थित मछली द्वार से प्रवेश दिया जायेगा ।
8. परिसर में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त व्यवस्था का अनुश्रवण कर विश्वविद्यालय प्रशासन का यथेष्ठ सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें ।

(प्रो0 विनोद सिंह)

संख्या 3986-4001 दिनांक : 26.11.2018

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. माननीय कुलपति महोदय,लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
2. मननीय प्रति कुलपति महोदय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. समस्त संकायाध्यक्ष को इस आशय के साथ कि समस्त विभागाध्यक्षों को उक्त आशय की सूचना प्रसारित करने का कष्ट करें ।
5. मुख्य अभिरक्षिका, छात्रावास, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
6. अधिष्ठाता, माविद्यालय विकास परिषद्, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
7. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
8. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
9. इंचार्ज वेबसाहट को आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को भी प्रेषित :–

1. जिलाधिकारी, लखनऊ ।
2. अपर जिलाधिकारी (नगर–टी0जी0) लखनऊ ।
3. अपर नगर मैजिस्ट्रैट (पंचम), लखनऊ ।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लखनऊ ।
5. पुलिस अधीक्षक (ट्रांस गोमती), लखनऊ ।
6. क्षेत्राधिकारी, महानगर, लखनऊ ।
7. प्रभारी निरीक्षक, हसनगंज, लखनऊ ।

(प्रो0 विनोद सिंह)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ